# रक्षाबंधन के पावन पर्व पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर में राखी थीम पर हुई आकर्षक सजावट






**नवभारत न्यूज**
**सौसर 28 अगस्त** – भाई,बहन के अटूट प्रेमए विश्वास और रक्षा के पवित्र बंधन के पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जाम सांवली धाम में विशेष रूप से राखी थीम पर आकर्षक एवं मनमोहक सजावट की गई। मंदिर परिसर और भगवान श्री हनुमान का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी की चरण पादुकाओं को प्रतिकात्मक राखी बांधकर अपनी रक्षा का दायित्व हनुमान दादा को सौंपा तथा सुख.समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस अनूठे दृश्य ने मंदिर परिसर के वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। रक्षाबंधन केवल भाई,बहन के प्रेम का पर्व ही नहींए बल्कि सनातन संस्कृति में प्रेमए विश्वासए कर्तव्य और रक्षा के संकल्प का प्रतीक भी है। यह पावन पर्व हमें रिश्तों की मर्यादा और एक.दूसरे की सुरक्षा व सम्मान के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। मंदिर में राखी थीम पर की गई सजावट ने सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया।

**रक्षाबंधन सेल्फी पॉइंट ने बढ़ाया आकर्षण:** श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए मंदिर परिसर में रक्षाबंधन विशेष सेल्फी पॉइंट भी तैयार किया गया था। यहां श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सेल्फी और तस्वीरें लेकर इस धार्मिक आयोजन की यादों को संजोया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर की ख्याति और इस अनूठी पहल को दूर.दूर तक पहुंचाया। सेल्फी पॉइंट विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों पर भगवान एवं मंदिर की विशेष और आकर्षक सज्जा की जाती है। वहीं राष्टीय पर्व 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के अवसर पर भी मंदिर में देशभक्ति आधारित विशेष सजावट की जाती है। उन्होंने बताया कि मंदिर की इस अभिनव पहल और विशेष साज.सज्जा को श्रद्धालुओं से भरपूर सराहना मिल रही है।

# पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को महिलाओं ने राखी बांध खिलाई मिठाई




**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,28 अगस्त**, लोगों की सुरक्षा के लिए अपने परिवारजनों से दूर रहते हुए ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को आज रक्षाबंधन के त्यौहार पर संत कबीर साहब मिशन तथा हम फाउंडेशन के विवेकानंद शाखा की महिलाओं ने नगर के पुलिस थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई,वहीं पुलिस ने भी इन महिलाओं को सुरक्षा का वचन दिया।

गौरतलब हो कि अन्य तीन त्योहारों की तरह भाई बहन के पवित्रता के पावन रक्षाबंधन के पर्व तो सभी अपने-अपने परिजनों के साथ रहते हुए बड़े ही हंसी खुशी के साथ मनाते है,लेकिन आम लोगों की सेवा तथा सुरक्षा के लिए अपने-अपने परिजनों से दूर रहकर ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारी,कर्मचारी अन्य त्योहारों की तरह ही यह रक्षाबंधन का त्यौहार परिजनों के साथ नहीं मना पाते उनकी इस भावना को देखते हुए नगर के संत कबीर साहब मिशन तथा हम फाउडेंशन के विवेकानंद शाखा की महिलाओं ने शुक्रवार को नगर के पुलिस थाने पहुंचकर थाने में उपस्थित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के हाथों पर राखी बांधते हुए उन्हें मिठाई खिलाई इन पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने भी इन बहनों की सुरक्षा का वचन दिया ।

इस अवसर पर संत कबीर साहब मिशन की श्रीमती संगीता महान, निकिता कोलटकर, अनीताबाई दुखी, प्रमिलाताई दीकोड़े , पुजा मनमोड़े, विवेकानंद सरिता घाटोडे,अलका कोल्हे,धनश्री घोड़े आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बिहार से भागकर आए नाबालिग बालक, बालिका को पांढुरना रेलवे आरपीएफ, जीआरपी पुलिस की सयुंक्त टीम ने पकड़कर परिजनों को सौंपा







**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,28 अगस्त,** बिहार से भागकर आए नाबालिग लड़का ,लडकी को पांढुरना स्टेशन पर रेलवे पुलिस द्वारा पकड़ इन्हें बैतूल के बाल सुधार गृह में सुरक्षित रख परिजनों को इसकी सूचना दी हैं, जिनके आते ही इन नाबालिग बच्चों को इनके परिजनों को सौप दिया जाएंगा ।

रेलवे पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बिहार से अपने-अपने घरों से भागे एक नाबालिग लड़का, लड़की की परिजनों द्वारा बिहार के पुलिस में दर्ज की गई रिपोर्ट के बाद पुलिस द्वारा इनकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई हैं, वहीं इस नाबालिग बालक एवं बालिका को पांढुरना रेलवे की जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू कर इन दोनों को पांढुरना रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित पकड़ लिया । बीते दिनों पांढुरना रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग बालक एवं एक नाबालिग बालिका को संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे,जिन्हें देख जीआरपी के प्रधान आरक्षक सुरेश इवनाते एवं आरक्षक प्रकाश तिवारी तथा आरपीएफ के प्रधान आरक्षक बी.पी. शेटे के साथ संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में उक्त नाबालिग बालक एवं बालिका को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। महिला सफाईकर्मी पलक की उपस्थिति में नाबालिग बालिका से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कविता कुमारी, बिहार बताया। इसी प्रकार नाबालिग बालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित उर्फ बिट्ठू, बिहार, बताया।

तत्पश्चात जीआरपी पांढुर्णा स्टाफ द्वारा नाबालिग बालक के मोबाइल फोन के माध्यम से उसके परिजनों से संपर्क कर दोनों नाबालिगों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। परिजनों द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों नाबालिग बिना किसी को सूचित किए अपने घर से चले गए हैं। इस संबंध में बिहार के दो थानों थाना नुआव ,थाना रामगढ़, जिला कैमूर, बिहार में अपराध पंजीबद्ध होना ज्ञात हुआ। इन दोनों नाबालिग बच्चों को पांढुरना से आमला रेलवे पुलिस के मुख्य थाने ले जाया गया,जहां से नाबालिग बालिका को जीआरपी की महिला आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक सुरेश इवनाते के साथ आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु बैतूल रवाना किया गया जहां नाबालिक बालिका को बैतूल जिले के महिला केंद्र में सुरक्षित रखा गया। वहीँ नाबालिग बालक को जीआरपी स्टाफ द्वारा जीआरपी थाना आमला में पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया इन दोनों नाबालिक बालिका एवं बालक को परिजन एवं बिहार पुलिस के आने पर उन्हें सकुशल सुपुर्द किया जाएंगा ।

# रामाकोना में निकली परमार्थ एक की प्रभात फेरी, नशा मुक्ति का दिया संदेश



**नवभारत न्यूज**
**रामाकोना /सौंसर 27 अगस्त** – रामाकोना में परमार्थ एक संस्था के तत्वावधान में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय गांवों से आए युवक, पदाधिकारी, सेवक-सेविकाओं ने प्रभात फेरी निकाली।प्रभात फेरी का नेतृत्व संस्था के मुख्य पदाधिकारी नंदकिशोर तांडेकर ने किया। नगर भ्रमण के बाद पंचायत प्रांगण में सभा का आयोजन हुआ । सभा को संबोधित करते हुए स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने शराब छोड़ो, नशा मुक्ति का संदेश दिया और अपने विचार रखे। इस मौके पर नशा मुक्ति पर शपथ भी दिलाई गई। अध्यक्षीय भाषण में नंदकिशोर तांडेकर ने संस्था के उद्देश्यों और युवाओं में नशा मुक्ति जागरूकता पर प्रकाश डाला। बाहर गांव से आए सेवक-सेविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर धन्यवाद दिया। अंत में भगवान बाबा हनुमान जी को प्रणाम कर जयघोष के नारों के साथ गायत्री नगर में प्रभात फेरी हर्ष के वातावरण में परमार्थ एक के जयघोष के साथ संपन्न हुई। इस दौरान रामाकोना परमार्थ एक के सेवक-सेविकाओं ने बाहर से आए सभी सेवक-सेविकाओं का स्वागत सत्कार किया।

# आश्रमशालाओं के विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन जांच

**नागपुर,महानगर संवाददाता.** राज्य की सरकारी एवं अनुदानित आश्रमशालाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में एनीमिया की समस्या को खत्म करने के लिए आदिवासी विकास विभाग की ओर से 'एनीमिया निवारण कार्यक्रम' चलाया जा रहा है?. अभियान के तहत महज डेढ़ महीने में राज्य की 204 आश्रमशालाओं के 79,624 विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन (एचबी) जांच पूरी की गई है. जांच किए गए विद्यार्थियों में 37,919 छात्र और 41,705 छात्राएं शामिल हैं. इनमें 149 सरकारी आश्रमशालाओं के 55,868; 48 अनुदानित आश्रमशालाओं के 22,420 और 6 एकलव्य मॉडल स्कूलों के 1,336 विद्यार्थी शामिल हैं. नागपुर विभाग में अब तक 1,813 विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई है. इनमें 2 सरकारी आश्रमशालाओं के 536 विद्यार्थी और 5 अनुदानित आश्रमशालाओं के 1,295 विद्यार्थी शामिल हैं. वहीं अमरावती विभाग में 2,898 विद्यार्थियों की जांच हुई है. इनमें 8 सरकारी आश्रमशालाओं के 1,885 और 3 अनुदानित आश्रमशालाओं के 1,013 विद्यार्थी शामिल हैं.

**नाशिक और ठाणे में सबसे अधिक जांच:** नाशिक विभाग में 104 स्कूलों के 41,469 विद्यार्थियों की जांच पूरी हो चुकी है. इनमें 80 सरकारी आश्रमशालाओं के 31,393; 21 अनुदानित आश्रमशालाओं के 9,227 और 3 एकलव्य स्कूलों के 849 विद्यार्थी शामिल हैं. ठाणे विभाग में 81 स्कूलों के 33,426 विद्यार्थियों की जांच की गई है. इनमें 59 सरकारी आश्रमशालाओं के 22,054; 19 अनुदानित आश्रमशालाओं के 10,885 और 3 एकलव्य स्कूलों के 487 विद्यार्थी शामिल हैं.

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

## पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति छात्रों को विधायक श्री उइके ने किया प्रेरित






**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 27 अगस्त,** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद, खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज खान की अध्यक्षता में मां सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर तिलक, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर विधायक नीलेश उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता तुमड़ाम सहित जनप्रतिनिधि, स्थानीय खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया गया।इसके बाद देश की खेल उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं स्थानीय खिलाड़ियों का तिलक एवं एनएसएस बैच लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद निर्धारित पांच विषयों पर युवाओं के विचारों, दृष्टिकोण एवं आकांक्षाओं पर चर्चा की गई।

विधायक नीलेश उईके ने विद्यार्थियों को प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने प्रधानमंत्री के खेल संबंधी उद्देश्यों की जानकारी देते हुए युवाओं से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर प्रेरणा लेने की अपील की।

प्राचार्या डॉ. शहनाज खान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र हित में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए महाविद्यालय द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा प्रतिज्ञा दिलाई गई। आभार प्रदर्शन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर पवार ने किया, जबकि मंच संचालन भोजराज कराले ने किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, समस्त स्टाफ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम तिगांव में भी बनेंगा कुनबी समाज का भव्य भवन

## शुक्रवार को समाज के अनुयायियों ने भवन निर्माण की नींव रख, लिया संकल्प



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,28अगस्त,** नगर जिला मुख्यालय की तरह ही ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत तथा कुनबी बाहुल्य ग्रामों के मुख्यालय माने जाने वाले ग्राम तिगांव में भी एक एकड़ भूमि पर कुनबी समाज का भव्य भवन बनेगा, इसके लिए भाई बहन के पवित्र रक्षा बंधन के त्यौहार शुक्रवार को समाज भवन की पूरे विधि विधान के साथ नीव रखी गई । संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन के जिलाध्यक्ष रामराव टोनपे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस भूमिपूजन कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सम्मानित बंधु शामिल हुए। समाज भवन निर्माण को लेकर सभी में उत्साह दिखाई दिया। उपस्थित समाजजनों ने अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार निर्माण कार्य के लिए दान राशि देने की घोषणा की तथा भवन निर्माण को जल्द शुरू कराने का सामूहिक संकल्प लिया। समाजजनों ने कहा कि प्रस्तावित भवन भविष्य में सामाजिक बैठकों, सामुदायिक कार्यक्रमों, प्रतिभा सम्मान, वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यों को एक स्थान से संचालित करने में भी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों ने निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने तथा सभी के सहयोग से समाज भवन को बेहतर स्वरूप देने पर जोर दिया। स्थल चयन एवं नींव रखे जाने के साथ ही भवन निर्माण की प्रक्रिया की शुरुआत को समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

# औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार, डब्ल्यूसीएल का 195 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट

**नागपुर, बिजनेस रिपोर्टर.** विदर्भ और मध्य भारत के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूती देने की दिशा में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने एक एक बड़ा कदम उठाया है. डब्ल्यूसीएल ने नागपुर क्षेत्र की सबसे प्रमुख अमलगमेटेड इंदर-कामठी डीप ओपन कास्ट माइंस में कोयला क्रशिंग और प्रोसेसिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए 195 .10 करोड़ रुपये की विशाल लागत के मेगा प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके तहत डब्ल्यूसीएल अगले 5 वर्षों तक की आवश्यकताओं के लिए क्षेत्र की कोयला आपूर्ति और प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प करने जा रहा है .जानकारों के अनुसार विदर्भ व आसपास के बिजली घरों और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को सही साइज का कोयला न मिलने से उत्पादन प्रभावित होता रहा है.

# न्यायालय के आदेश पर सकल जैन समाज को सौंपी गई चोरी हुई तीर्थंकरों की 9 मूर्तियां, गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज**
**सौसर 28 अगस्त,** स्थानीय सिविल लाइन स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से 19 अगस्त की रात चोरी गईं तीर्थंकरों की अष्टधातु की मूर्तियां न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार को सकल जैन समाज को विधिवत सुपुर्द कर दी गईं। सौसर थाना परिसर में थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष यू.सी. जैन व समाज के प्रतिनिधियों को चोरी हुई सभी 9 मूर्तियां और नकद राशि सौंपी।

मूर्तियां मिलने के बाद समाजजन गाजे-बाजे और जयकारों के साथ शोले के पवित्र वस्त्र धारण कर मूर्तियों को सिर पर रखकर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचकर श्रावकों ने पूरी आस्था और विधि-विधान के साथ श्रीजी का अभिषेक किया।


**इन मूर्तियों की हुई वापसी:** बरामद की गई अष्टधातु की 9 मूर्तियों में भगवान पार्श्वनाथ की 4, भगवान महावीर स्वामी की 1,भगवान आदिनाथ की 1, भगवान नेमीनाथ की 1,चौबीस तीर्थंकर की 1 और भगवान बाहुबली की 1 प्रतिमा शामिल है। अध्यक्ष यू.सी. जैन ने बताया कि न्यायालय से मूर्तियां प्राप्त होने के बाद अब आगामी दिनों में विधिवत शुद्धिकरण कर पंचकल्याणक पूजा के माध्यम से इनकी पुनः प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

**24 घंटे में हुआ था मामले का खुलासा:** उल्लेखनीय है कि 19 अगस्त की रात मंदिर में चोरी की वारदात हुई थी। सौसर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर सिविल लाइन निवासी आरोपी विक्की धुर्वे, करण उइके सहित अन्य युवकों को गिरफ्तार कर शत-प्रतिशत मशरूका बरामद किया था। जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद परिहार ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा था।

# बैतूल थाने में खड़े राजसात ट्रक का नंबर दूसरे ट्रक में लगाकर लकड़ी तस्करी करते युवक को पांढुरना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा







**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,28 अगस्त,** सागौन की तस्करी करते जिस 407 वाहन को बैतूल जिले की पुलिस ने पांच वर्षों पूर्व पकड़ इस वाहन को राजसात किया था और आज भी यह वाहन बैतूल जिले के मुलताई पुलिस थाने में खड़े-खड़े सड रहा है,लेकिन इसी नंबर के अन्य वाहन में लकड़ी तस्करी करते बीते रात्रि पांढुरना पुलिस ने जब्त कर वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर इसे जेल भेजा।

बीते गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात गश्त कर रही पुलिस को ग्राम अंबाडा से पांढुरना की और बड़े ही तेज रफ्तार से आ रहें 407 क्रमांक वाहन को रोककर पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में इस मिनी ट्रक में हरे-भरे पेड़ों की लकड़ियों भरी हुई थी,लेकिन जब पुलिस ने इस ट्रक के नंबर एमपी 28 बी 1422 को देखा तो यह सभी अचंभित रह गए क्यों की इसी नंबर का 407 ट्रक को सागौन की तस्करी करते हुए बैतूल पुलिस द्वारा रंगे हाथों पकड़ने पर की गई कार्यवाही के बाद इस 407 ट्रक को राजसात किया गया था,जो बीते पांच वर्षों से पड़ोसी बैतूल जिले के मुलताई पुलिस थाने में राजसात होकर खड़े-खड़े सड रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक चन्द्रप्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामनाप्रसाद के निर्देश तथा एसडीओपी बृजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित दानी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अशोक हरसुले, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह राजपूत द्वारा कार्यवाही कर इस 407 ट्रक के साथ ही वाहन चालक इमरान पिता मोहम्मद आमीन निवासी घनपेठ वार्ड पांढुरना के खिलाफ धारा 318 (4) ,338,340 (2) 130 (1) ,177,130( 3) ,146,196 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 51 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर शुक्रवार को स्थानीय न्यायालय में पेश किया जहां इसकी जमानत निरस्त होने पर इसे जिला जेल भेजा गया।